**प्रश्न सं. 1 से 5 :** निम्न तालिका गरीबी रेखा और लिंग के आधार पर पाँच राज्यों A, B, C, D और E की जनसंख्या का प्रतिशत वितरण देती है ।

**Q. Nos. 1 to 5 :** The following table gives the percentage distribution of population of five states A, B, C, D and E on the basis of poverty line and also on the basis of sex.

| राज्य / State | गरीबी रेखा के नीचे की जनसंख्या का प्रतिशत / Percentage of Population Below the Poverty Line | पुरुषों एवं महिलाओं का अनुपात / Proportion of Males and Females | |
|---|---|---|---|
| | | गरीबी रेखा से नीचे / Below Poverty Line | गरीबी रेखा से ऊपर / Above Poverty Line |
| | | पु / M : म / F | पु / M : म / F |
| A | 30 | 5 : 6 | 6 : 7 |
| B | 20 | 3 : 5 | 4 : 5 |
| C | 25 | 1 : 2 | 2 : 3 |
| D | 20 | 3 : 2 | 4 : 3 |
| E | 15 | 5 : 3 | 3 : 2 |

1. यदि राज्य C के लिए गरीबी रेखा से ऊपर आने वाले पुरुषों की जनसंख्या 1.5 मिलियन है, तो राज्य C की कुल जनसंख्या कितनी है ?

   (A) 5 मिलियन (B) 5.75 मिलियन

   (C) 4.5 मिलियन (D) 5.25 मिलियन

   If the male population above poverty line for state C is 1.5 million, then the total population of state C is :

   (A) 5 million (B) 5.75 million

   (C) 4.5 million (D) 5.25 million

2. राज्य D में गरीबी रेखा से ऊपर आने वाली महिलाओं की संख्या क्या होगी, यदि यह ज्ञात हो कि राज्य D की जनसंख्या 7 मिलियन है ?

   (A) 1.3 मिलियन (B) 3.6 मिलियन

   (C) 2.4 मिलियन (D) 3 मिलियन

   What will be the number of females above the poverty line in the state D, if it is known that the population of state D is 7 million ?

   (A) 1.3 million (B) 3.6 million

   (C) 2.4 million (D) 3 million

3. यदि राज्य C की कुल जनसंख्या 4 मिलियन है, तो राज्य C में गरीबी रेखा से ऊपर आने वाली महिलाओं की कुल संख्या ज्ञात कीजिए ।

   (A) 1.8 मिलियन (B) 2.4 मिलियन

   (C) 1.2 मिलियन (D) 2 मिलियन

   If the total population of state C is 4 million, find the total number of females above poverty line in state C.

   (A) 1.8 million (B) 2.4 million

   (C) 1.2 million (D) 2 million

4. राज्य A के लिए गरीबी रेखा से ऊपर आने वाले पुरुषों की लगभग जनसंख्या क्या होगी यदि राज्य A के लिए गरीबी रेखा से ऊपर आने वाली महिलाएँ 1.8 मिलियन हैं ?

   (A) 2.5 मिलियन (B) इनमें से कोई नहीं

   (C) 2.1 मिलियन (D) 3.55 मिलियन

   What will be the approximate male population above poverty line for state A if the female above poverty line for state A is 1.8 million ?

   (A) 2.5 million (B) None of these

   (C) 2.1 million (D) 3.55 million

5. यदि राज्य B के लिए गरीबी रेखा से नीचे के पुरुषों की जनसंख्या 2.4 मिलियन और राज्य E के लिए 6 मिलियन है, तो राज्यों B और E की कुल जनसंख्या अनुपात में है :

   If the population of males below poverty line for state B is 2.4 million and that for state E is 6 million, then the total populations of states B and E are in the ratio :

   (A) 3 : 5 (B) 1 : 4

   (C) 2 : 3 (D) 1 : 2

6. हर्षवर्धन के शासनकाल के दौरान निम्नलिखित में से कौन सी नई राजधानी थी जो थानेसर से स्थानांतरित हुई थी ?

(A) मगध (B) कुरुक्षेत्र
(C) कन्नौज (D) पाटलिपुत्र

Which of the following was new capital during Harshavardhan's reign that shifted from Thanesar ?

(A) Magadha (B) Kurukshetra
(C) Kannauj (D) Pataliputra

7. निम्नलिखित में से किस सेना की ताकत "छापामार (गुरिल्ला) रणनीति" थी ?

(A) मुगल (B) नायक
(C) मराठा (D) ब्रिटिश

Which of the following army's strength was "Guerilla warfare" ?

(A) Mughal (B) Nayaks
(C) Maratha (D) British

8. हड़प्पा सभ्यता के दौरान डांसिंग गर्ल (नर्तकी) की कांस्य प्रतिमा बनाने के लिए ________ तकनीक का इस्तेमाल किया गया था ।

(A) लकड़ी की नक्काशी
(B) मोम लोपी ढलाई (कास्टिंग)
(C) पत्थर की नक्काशी
(D) हाथीदांत नक्काशी

________ technique was used for making bronze statue of Dancing Girl during Harappa Civilisation.

(A) Wood carving
(B) Lost Wax casting
(C) Stone carving
(D) Ivory carving

9. गौतम बुद्ध को ज्ञान किस नदी के तट पर प्राप्त हुआ था ?

(A) पुनपुन (B) निरंजना
(C) गंगा (D) गंडक

Gautam Buddha attained enlightenment on the bank of which river ?

(A) Punpun (B) Niranjana
(C) Ganga (D) Gandak

10. निम्नलिखित में से किसे स्वदेशी आंदोलन का प्रमुख कारण माना जाता है ?

(A) बंगाल को विभाजित करने का निर्णय ।
(B) पंजाब भूमि हस्तांतरण अधिनियम, 1900
(C) महिला शिक्षा के बजाय पुलिस और रेलवे के लिए वित्त पोषण ।
(D) कलकत्ता निगम अधिनियम, 1899

Which of the following is considered as major cause of Swadeshi Movement ?

(A) The decision to divide Bengal.
(B) Punjab Land Alienation Act of 1900.
(C) Funding for police and railways instead of women education.
(D) Calcutta Corporation Act of 1899.

11. ब्रिटिश ने निम्नलिखित में से किस भाषा को भारतीय समाज में प्रस्तुत करने की उत्सुकता दिखाई ?

(A) अंग्रेजी (B) इनमें से कोई नहीं
(C) संस्कृत (D) हिंदी

In which of the following languages British showed keenness in introducing in Indian society ?

(A) English (B) None of these
(C) Sanskrit (D) Hindi

12. पूर्ण स्वराज की माँग करने वाले प्रथम कार्यकर्ता का नाम लिखिए ।

(A) बाल गंगाधर तिलक
(B) हसरत मोहानी
(C) मघफूर अहमद अजाज़ी
(D) बिपिन चंद्र पाल

Write the name of first activist who demanded complete independence (Poorna Swaraj).

(A) Bal Gangadhar Tilak
(B) Hasrat Mohani
(C) Maghfoor Ahmad Ajazi
(D) Bipin Chandra Pal

13. फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना निम्नलिखित में से किसके द्वारा की गई थी ?
(A) सरदार वल्लभभाई पटेल
(B) इनमें से कोई नहीं
(C) महात्मा गांधी
(D) सुभाष चंद्र बोस
Forward Bloc was founded by whom among the following ?
(A) Sardar Vallabhbhai Patel
(B) None of these
(C) Mahatma Gandhi
(D) Subhas Chandra Bose

14. खिलाफत मुद्दे को उठाने के महात्मा गांधी के निर्णय के पीछे मुख्य कारण था :
(A) हिंदुओं और ईसाइयों के बीच अधिक एकता लाने के लिए।
(B) इनमें से कोई नहीं।
(C) हिंदुओं और मुसलमानों के बीच अधिक एकता लाने के लिए।
(D) ईसाइयों और मुसलमानों के बीच अधिक एकता लाने के लिए।
The main reason behind Mahatma Gandhi's decision to take up the Khilafat Issue was:
(A) To bring more unity among Hindus and Christians.
(B) None of these
(C) To bring more unity among Hindus and Muslims.
(D) To bring more unity among Christians and Muslims.

15. भारत सरकार अधिनियम, 1935 के प्रावधानों में ब्रिटिश सरकार के अंतिम अधिकार का एक उदाहरण कौन सा था ?
(A) संघीय बैंक की स्थापना
(B) शक्ति का विभाजन
(C) प्रांतीय सरकारों पर गवर्नर के लिए विशेष शक्तियाँ
(D) प्रांतीय स्तर पर द्वैधशासन का उन्मूलन
Which was an example of the ultimate authority of the British government in the provisions of the Government of India Act, 1935 ?
(A) Establishment of federal bank
(B) Division of power
(C) Special powers for governor over provincial governments
(D) Abolition of diarchy at provincial level

16. विश्व को कितने प्रमुख काल क्षेत्रों (टाइम ज़ोन) में विभाजित किया गया है ?
Into how many major time zones, is the world divided ?
(A) 24
(B) इनमें से कोई नहीं / None of these
(C) 12
(D) 30

17. निम्नलिखित में से कौन जनसंख्या परिवर्तन का घटक नहीं है ?
(A) मृत्यु (B) जन्म
(C) रुग्णता (D) प्रवसन
Which of the following is not a component of population change ?
(A) Death (B) Birth
(C) Morbidity (D) Migration

18. लक्षद्वीप की राजधानी निम्नलिखित में से कौन सी है ?
(A) सिलवासा (B) पोर्ट ब्लेयर
(C) कवरत्ती (D) आइज़ॉल
Which among the following is the capital of Lakshadweep ?
(A) Silvassa (B) Port Blair
(C) Kavaratti (D) Aizawl

19. भारत में निम्नलिखित में से किस स्थान पर दिन और रात के तापमान में व्यापक अंतर पाया जा सकता है ?
(A) अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह
(B) गोवा
(C) थार मरुस्थल
(D) केरल
At which among the following places in India, one can find a wide difference in day and night temperatures ?
(A) Andaman and Nicobar Islands
(B) Goa
(C) Thar Desert
(D) Kerala

**20.** निम्नलिखित में से किसमें व्यक्तियों या व्यक्तियों के समूह के स्वामित्व वाले व्यवसाय शामिल हैं ?
(A) निजी क्षेत्र
(B) इनमें से कोई नहीं
(C) सार्वजनिक क्षेत्र
(D) राज्य के स्वामित्व वाले उद्यम

Which among the following consists of business owned by individuals or a group of individuals ?
(A) Private Sector
(B) None of these
(C) Public Sector
(D) State-owned enterprise

**21.** उस जंगल का नाम बताइए जिसे "पृथ्वी ग्रह के फेफड़े" के रूप में जाना जाता है ।
(A) अमेजन वर्षा वन
(B) उत्तर-पूर्वी भारत के वर्षा वन
(C) टैगा वन
(D) टुंड्रा वन

Name the forest which is known as the "lungs of the planet earth".
(A) Amazon rain forest
(B) Rain forest of North-East India
(C) Taiga forest
(D) Tundra forest

**22.** "स्थिरता के साथ विकास" के उद्देश्य से, निम्नलिखित में से कौन सी पंचवर्षीय योजना शुरू की गई थी ?
(A) तीसरी पंचवर्षीय योजना
(B) पाँचवीं पंचवर्षीय योजना
(C) चौथी पंचवर्षीय योजना
(D) छठी पंचवर्षीय योजना

With objective of "Growth with Stability", which among the following Five Year Plans was launched ?
(A) 3rd Five Year Plan
(B) 5th Five Year Plan
(C) 4th Five Year Plan
(D) 6th Five Year Plan

**23.** 1991 में नई आर्थिक नीति (एन.ई.पी.) के तहत उदारीकरण और निजीकरण की पहल का प्राथमिक परिणाम निम्नलिखित में से कौन सा था ?
(A) वैश्वीकरण
(B) इनमें से कोई नहीं
(C) राजकोषीय नीति सुधार
(D) मौद्रिक नीति सुधार

Which among the following was the primary outcome of the liberalisation and privatisation initiatives under the New Economic Policy (NEP) in 1991 ?
(A) Globalisation
(B) None of these
(C) Fiscal policy reforms
(D) Monetary policy reforms

**24.** निम्नलिखित में से किसे भारत में हरित क्रांति के जनक के रूप में जाना जाता है ?
(A) वर्गीज कुरियन
(B) सैम पित्रोदा
(C) डॉ. अरुण कृष्णन
(D) एम.एस.स्वामीनाथन

Who among the following is known as the father of green revolution in India ?
(A) Verghese Kurien
(B) Sam Pitroda
(C) Dr. Arun Krishnan
(D) M.S. Swaminathan

**25.** निम्नलिखित में से किस अधिनियम ने बैंकों के राष्ट्रीयकरण के लिए शर्तें निर्धारित कीं ?
(A) बैंकिंग विनियमन अधिनियम
(B) इनमें से कोई नहीं
(C) बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970
(D) भारतीय रिजर्व बैंक (सार्वजनिक स्वामित्व में हस्तांतरण) अधिनियम

Which among the following Act laid down the conditions for nationalisation of Banks ?
(A) Banking Regulation Act
(B) None of these
(C) Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970
(D) Reserve Bank of India (Transfer to Public Ownership) Act

26. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 में कौन सा अधिकार शामिल है ?
(A) शोषण के विरुद्ध अधिकार
(B) धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार
(C) संवैधानिक उपचारों का अधिकार
(D) वाक् और अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य का अधिकार
Article 19 of the Indian Constitution includes which rights ?
(A) Right against exploitation
(B) Right to freedom of religion
(C) Right to constitutional remedies
(D) Right to freedom of speech and expression

27. संसदीय प्रणाली में कार्यपालिका किसके प्रति उत्तरदायी होती है ?
(A) न्यायपालिका (B) इनमें से कोई नहीं
(C) विधान-मंडल (D) जनता
In a parliamentary system, to whom the executive is responsible ?
(A) The judiciary (B) None of these
(C) The legislature (D) The people

28. निम्नलिखित में से कौन सी भारतीय संविधान की मुख्य विशेषता नहीं है ?
(A) एकल नागरिकता
(B) सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार
(C) लिखित और विस्तृत संविधान
(D) द्वि-स्तरीय सरकार
Which among the following is not a salient feature of Indian Constitution ?
(A) Single Citizenship
(B) Universal Adult Franchise
(C) Written and Detailed Constitution
(D) Two-tier Government

29. भारतीय संविधान के लिए DPSP (राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत) निम्नलिखित में से किस संविधान से प्रेरित थे ?
(A) आयरलैंड (B) इनमें से कोई नहीं
(C) यू.एस.ए. (D) फ्रांस
DPSP (Directive Principles of State Policy) for Indian Constitution was inspired by which among the following Constitutions ?
(A) Ireland (B) None of these
(C) USA (D) France

30. निम्नलिखित में से कौन सी एक रासायनिक अभिक्रिया नहीं है ?
(A) कागज का जलना
(B) पानी का भाप में रूपांतरण
(C) कोयले का जलना
(D) भोजन का पाचन
Which of the following is not a chemical reaction ?
(A) Burning of paper
(B) Conversion of water into steam
(C) Burning of coal
(D) Digestion of food

31. पायरिया निम्न में से किसका रोग है ?
(A) हृदय (B) फेफड़ों
(C) नाक (D) मसूड़ों
Pyorrhoea is a disease of which of the following ?
(A) Heart (B) Lungs
(C) Nose (D) Gums

32. फ्लोएम एक ऊतक है, जो निम्नलिखित में से किसमें पाया जाता है ?
(A) जानवरों के प्रजनन अंगों
(B) कीटों
(C) पौधों
(D) स्तनधारियों
Phloem is a tissue found in which among the following ?
(A) Reproductive organs of animals
(B) Insects
(C) Plants
(D) Mammals

33. भारत की पंचायती राज व्यवस्था में कितने स्तर हैं ?
(A) दो स्तर (B) चार स्तर
(C) एक स्तर (D) तीन स्तर
How many tiers are there in the Panchayati Raj System of India ?
(A) Two tiers (B) Four tiers
(C) One tier (D) Three tiers

34. एक हॉर्स पावर लगभग कितने वाट के बराबर होता है ?
(A) 756 वाट (B) इनमें से कोई नहीं
(C) 746 वाट (D) 748 वाट
One horse power is equal to approximately how many watts ?
(A) 756 watts (B) None of these
(C) 746 watts (D) 748 watts

35. $\frac{(6.73)^3 - (4.38)^3}{(6.73)^2 + 6.73 \times 4.38 + (4.38)^2} =$

(A) 3.35 (B) 5.35

(C) 2.35 (D) 4.35

36. 19 का कितना प्रतिशत 7.6 है ?

(A) 60 प्रतिशत (B) 35 प्रतिशत

(C) 40 प्रतिशत (D) 48 प्रतिशत

What percent of 19 is 7.6 ?

(A) 60 percent (B) 35 percent

(C) 40 percent (D) 48 percent

37. 60 से 80 के बीच की सभी अभाज्य संख्याओं का औसत है :

The average of all prime numbers between 60 to 80 is :

(A) 71.2 (B) 73.2

(C) 70.2 (D) 72.2

38. $\sqrt{12.0409} - \sqrt{1.2544} =$

(A) 1.35 (B) 1.25

(C) 2.35 (D) 2.25

39. निम्नलिखित में से कौन सा एसिड कार बैटरी में प्रयोग किया जाता है ?

(A) नाइट्रिक एसिड (B) सल्फ्यूरिक एसिड

(C) एसीटिक एसिड (D) हाइड्रोक्लोरिक एसिड

Which among the following acid is used in car battery ?

(A) Nitric acid

(B) Sulphuric acid

(C) Acetic acid

(D) Hydrochloric acid

40. निम्नलिखित में से कौन सा भिन्न सबसे बड़ा है ?

Which of the following fractions is the largest ?

(A) $\frac{31}{40}$ (B) $\frac{63}{80}$

(C) $\frac{13}{16}$ (D) $\frac{7}{8}$

41. 'ख़ाक में मिलना' – मुहावरे का अर्थ है :

(A) दबी हुई बात फिर से उभरना ।

(B) अकड़ में रहना ।

(C) सब कुछ नष्ट हो जाना ।

(D) बेचैन या परेशान होना ।

42. 'अनिल' का पर्यायवाची शब्द है :

(A) अनल (B) पावस

(C) पवन (D) चक्रवात

43. 'गुप्त' का विलोम शब्द है :

(A) प्रकट (B) गूढ़

(C) निष्ठ (D) जानना

44. "सद्भावना" का संधि-विच्छेद क्या होगा ?

(A) स + द्भावना (B) इनमें से कोई नहीं

(C) सम् + भावना (D) सत् + भावना

45. 'श्वेत' और 'स्वेद' का अर्थ है:

(A) सफ़ेद और पसीना (B) निजी और सफ़ेद

(C) स्वक्ष और पसीना (D) सफ़ेद और मनमाना

**Read the passage carefully and answer the corresponding questions : (46 and 47)**

For the past week Elizabeth would come home from work and discover that her apartment smelled like cigarette smoke. She did not know where the smell was coming from. Elizabeth didn't smoke. No one else had the key to her apartment to smoke inside while she was at work. The smell of smoke especially bothered her because she had asthma. One day Elizabeth stayed home from work because she was expecting a package. When she woke up that morning, the apartment smelled fine. At one in the afternoon, Elizabeth went into the kitchen to make a sandwich for lunch. That was when she noticed the smell of cigarette smoke. She called the building's superintendent. By the time he arrived at Elizabeth's apartment, the whole place smelled like cigarette smoke. The superintendent told Elizabeth that he was pretty sure the smoke was coming up through the vents from her new downstair's neighbour.

The new neighbour was a smoker. The superintendent told Elizabeth that there was nothing to be done. The building was really old and the vents couldn't be sealed. It was also perfectly legal for the downstair's neighbour to smoke in his apartment. He suggested that Elizabeth should buy an air filter and see if that would help. Elizabeth bought an air filter but didn't find it to be enough. Her asthma was getting worse. Her clothes and furniture were beginning to smell like cigarette smoke too. Elizabeth decided to go downstairs to talk to the neighbour. She was going to ask him not to smoke in his apartment. Elizabeth knocked on the door. When he opened the door, a huge wave of cigarette smoke came out. Elizabeth began coughing violently. The neighbour gave Elizabeth a disgusted look. "Are you trying to get me sick ?" the neighbour asked her. Elizabeth couldn't believe what he was saying. "No, but you are ?" she said.

46. Elizabeth was suffering from _____.
- (A) Bronchitis
- (B) Cardiovascular disease
- (C) Pneumonia
- (D) Asthma

47. Elizabeth's new neighbour lived _____.
- (A) downstairs
- (B) next to her
- (C) besides her house
- (D) upstairs

48. Give one word substitute for the following : "one who sells articles at public sales"
- (A) Shopkeeper (B) Auctioneer
- (C) Auctionor (D) Juggler

49. Choose the correct synonym : "Exile"
- (A) Mystery (B) Proof
- (C) Banishment (D) Expose

50. Choose the correct antonym : "Mourn"
- (A) Motivate (B) None of these
- (C) Joy (D) Vitalize

51. दोनों कथनों को पढ़ें और तय करें कि निम्नलिखित में से कौन सा उत्तर विकल्प इन दोनों कथनों के बीच संबंध को सही ढंग से दर्शाता है ।

कथन :

I. पुलिस प्राधिकरण ने हाल ही में शहर में सुबह के समय चौकसी बढ़ा दी है ।

II. शहर में छोटे-मोटे अपराधों की घटनाओं में काफी कमी आई है ।

- (A) कथन II कारण है और कथन I इसका प्रभाव है ।
- (B) दोनों कथन I और II किसी सामान्य कारण के प्रभाव हैं ।
- (C) कथन I कारण है और कथन II इसका प्रभाव है ।
- (D) कथन I और II दोनों स्वतंत्र कारण हैं ।

Read both the statements and decide which of the following answer choice correctly depicts the relationship between these two statements.

**Statements :**

I. Police authority has recently increased vigil during the morning hours in the city.

II. There has been considerable reduction in the incidents of petty crimes in the city.

- (A) Statement II is the cause and statement I is its effect.
- (B) Both the statements I and II are effects of some common cause.
- (C) Statement I is the cause and statement II is its effect.
- (D) Both the statements I and II are independent causes.

52. 6:10 पर घड़ी की घंटे की सूई और मिनट की सूई के बीच का कोण ज्ञात कीजिए ।
Find the angle between the hour hand and the minute hand of a clock at 6:10.
(A) 115° (B) 180°
(C) 138° (D) 125°

53. यदि A को 26 के रूप में कोडित किया जाता है, B को 25 के रूप में कोडित किया जाता है, C को 24 के रूप में कोडित किया जाता है ……… और Z को 1 के रूप में कोडित किया जाता है, तो MOBILE के लिए कोड खोजें ।
If A is coded as 26, B is coded as 25, C is coded as 24 ……… and Z is coded as 1, then find the code for MOBILE.
(A) 181522141225 (B) 141225181522
(C) 152214181252 (D) 122518152214

54. द अनामलाई रीड-टेल नाम की डैमजल फ्लाई की एक नई प्रजाति की खोज किस राज्य में की गई है ?
(A) तमिलनाडु (B) इनमें से कोई नहीं
(C) केरल (D) असम
A new species of Damsel fly named The Anamalai Reed-tail has been discovered in which state ?
(A) Tamil Nadu (B) None of these
(C) Kerala (D) Assam

55. गोपी ने विवेक से कहा, "वह व्यक्ति मेरी माँ के इकलौते भाई का पिता है ।" गोपी उन्हें क्या कहेगी ?
(A) नाना (B) इनमें से कोई नहीं
(C) मामा (D) पिता
Gopi said to Vivek, "That person is the father of the only brother of my mother." What would Gopi call him ?
(A) Maternal Grandfather
(B) None of these
(C) Uncle
(D) Father

56. विषम चुनें / Find the odd one out :
3, 13, 17, 23, 33, 67
(A) 17 (B) 33
(C) 13 (D) 23

57. 'जागृति' निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबंधित शुभंकर है ?
(A) जलवायु परिवर्तन
(B) क्रिप्टो मुद्रा
(C) आयकर
(D) उपभोक्ता जागरूकता
'Jagriti' is a mascot related to which among the following fields ?
(A) Climate Change
(B) Crypto Currency
(C) Income Tax
(D) Consumer Awareness

58. महाराष्ट्र में स्थित औरंगाबाद का नया नाम लिखिए ।
(A) धाराशिव (B) सतारा
(C) संभाजी नगर (D) धुले
Write the new name of Aurangabad located in Maharashtra.
(A) Dharashiv (B) Satara
(C) Sambhaji Nagar (D) Dhule

59. भारतीय पारंपरिक विज्ञान पर किस देश के सर्वदलीय संसदीय समूह को आयुर्वेद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया ?
(A) चीन (B) रूस
(C) यू.के. (D) यू.ए.ई.
Which country's All-Party Parliamentary Group on Indian Traditional Sciences conferred the Ayurveda Ratna award ?
(A) China (B) Russia
(C) UK (D) UAE

60. INS तरकश ने लाल सागर में _____ नौसेना के जहाजों अल्माज़ (पीसी 411) और निमेर (पीसी 413) के साथ एक समुद्री साझा अभ्यास का आयोजन किया ।
(A) सूडान (B) फ्रांस
(C) ओमान (D) जापान
INS Tarkash conducted a Maritime Partnership Exercise with _____ Navy ships Almazz (PC 411) and Nimer (PC 413) in the Red Sea.
(A) Sudan (B) France
(C) Oman (D) Japan

61. हिमाचल प्रदेश में 21 दिवसीय संयुक्त अभ्यास वज्र प्रहार 2022 किन देशों के बीच संपन्न हुआ ?
(A) भारत और यूनाइटेड किंगडम
(B) भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका
(C) भारत और रूस
(D) भारत और फ्रांस
Between which countries the 21-day joint exercise Vajra Prahar 2022 concluded in Himachal Pradesh ?
(A) India and United Kingdom
(B) India and United States of America
(C) India and Russia
(D) India and France

62. निम्नलिखित में से किस कंपनी ने जुलाई, 2022 में, भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) के साथ दीर्घकालिक साझेदारी की घोषणा की ?
(A) टाटा एंटरप्राइज
(B) ओ.एन.जी.सी.
(C) रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड
(D) विप्रो
In July, 2022 which of the following company announced a long-term partnership with Indian Olympic Association (IOA) to elevate the performances of Indian athletes ?
(A) Tata Enterprise
(B) ONGC
(C) Reliance Industries Limited
(D) Wipro

63. टाटा पावर सोलर ने किस राज्य में भारत की सबसे बड़ी फ्लोटिंग (तैरती) सौर ऊर्जा परियोजना शुरू की ?
(A) केरल (B) ओडिशा
(C) असम (D) बिहार
Tata Power Solar started, India's largest Floating Solar Power Project in which state ?
(A) Kerala (B) Odisha
(C) Assam (D) Bihar

64. निम्नलिखित में से कौन सा देश भारत के साथ सबसे लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है ?
(A) नेपाल (B) इनमें से कोई नहीं
(C) बांग्लादेश (D) भूटान
Which among the following countries shares longest international boundary with India ?
(A) Nepal (B) None of these
(C) Bangladesh (D) Bhutan

65. निम्नलिखित में से कौन सी इज़राइल की राजधानी है ?
(A) डबलिन (B) इनमें से कोई नहीं
(C) जेरूसलेम (D) बगदाद
Which among the following is the capital of Israel ?
(A) Dublin (B) None of these
(C) Jerusalem (D) Baghdad

66. 'डाक कर्मयोगी' पोर्टल का उद्देश्य है:
(A) सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ताओं को पुरस्कार
(B) जनता की भागीदारी
(C) शिकायत निवारण
(D) लगभग 4 लाख ग्रामीण डाक सेवकों की क्षमताओं में वृद्धि
The objective of the 'Dak Karmayogi' portal is :
(A) Awarding Best Performers
(B) Participation of Public
(C) Grievance Redressal
(D) Enhance the competencies of about 4 lakh Gramin Dak Sevak

67. जुलाई, 2022 में, कॉफी बोर्ड ने कॉफी फसलों की जलवायु प्रतिरोधी किस्मों को विकसित करने के लिए किसके साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं ?
(A) डी.आर.डी.ओ. (B) इनमें से कोई नहीं
(C) टी.एन.ए.यू. (D) इसरो
In July, 2022, Coffee Board has signed an MoU with whom to develop climate-resistant varieties of the coffee crops ?
(A) DRDO (B) None of these
(C) TNAU (D) ISRO

68. किस दिन को भारतीय वायु सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है ?
(A) 8 अक्टूबर (B) 8 नवंबर
(C) 8 फरवरी (D) 8 सितंबर
Which day is celebrated as Indian Air Force Day ?
(A) 8 October (B) 8 November
(C) 8 February (D) 8 September

69. निम्नलिखित में से किसे भारत का स्कॉटलैंड भी कहा जाता है ?
(A) मसूरी (B) दार्जिलिंग
(C) कूर्ग (D) श्रीनगर
Which among the following is also known as Scotland of India ?
(A) Mussoorie (B) Darjeeling
(C) Coorg (D) Srinagar

70. _____ कला मथुरा से स्टेंसिलिंग की पारंपरिक कला है ।
(A) सांझी (B) इनमें से कोई नहीं
(C) कजरी (D) लघु कला
_____ art is the traditional art of stenciling from Mathura.
(A) Sanjhi (B) None of these
(C) Kajari (D) Miniature art

71. निम्नलिखित में से 2014 में बनाया गया भारत का 29वाँ राज्य कौन सा है ?
(A) उत्तराखंड (B) सिक्किम
(C) तेलंगाना (D) झारखंड
Which among the following is the 29th state of India created in 2014 ?
(A) Uttarakhand (B) Sikkim
(C) Telangana (D) Jharkhand

72. निम्नलिखित में से किस राज्य में विधान परिषद है ?
(A) ओडिशा (B) गुजरात
(C) झारखंड (D) कर्नाटक
Which of the following states has the Legislative Council ?
(A) Odisha (B) Gujarat
(C) Jharkhand (D) Karnataka

73. वायुमण्डल में ग्रीनहाउस गैसें पृथ्वी के अधिकांश उत्सर्जित _______ को अवशोषित करती हैं, जो निचले वायुमण्डल को गर्म करती हैं ।
(A) दृश्यमान प्रकाश (B) इनमें से कोई नहीं
(C) पराबैंगनी विकिरण (D) अवरक्त विकिरण
Greenhouse gases in the atmosphere absorb most of the Earth's emitted _______, which heats the lower atmosphere.
(A) Visible light
(B) None of these
(C) Ultraviolet radiation
(D) Infrared radiation

74. वॉलीबॉल निम्नलिखित में से किस देश का राष्ट्रीय खेल है ?
(A) अर्जेंटीना (B) इनमें से कोई नहीं
(C) इंडोनेशिया (D) नेपाल
Volleyball is a national game of which among the following countries ?
(A) Argentina (B) None of these
(C) Indonesia (D) Nepal

75. निम्नलिखित में से किस व्यक्ति ने प्रसिद्ध पुस्तक "द स्टोरी ऑफ माई एक्सपेरिमेंट्स विद ट्रुथ" लिखी है ?
(A) महात्मा गांधी
(B) सरदार वल्लभभाई पटेल
(C) महर्षि दयानंद सरस्वती
(D) जवाहरलाल नेहरू
Who among the following persons wrote famous book "The Story of My Experiments with Truth" ?
(A) Mahatma Gandhi
(B) Sardar Vallabhbhai Patel
(C) Maharshi Dayanand Saraswati
(D) Jawaharlal Nehru

निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों (प्र. 76 से 80) के उत्तर दीजिए ।

मादक पदार्थों के प्रयोग की लत आज के युवाओं में तेज़ी से फ़ैल रही है । कई बार फैशन की खातिर दोस्तों के उकसावे पर लिए गए ये मादक पदार्थ अकसर जानलेवा होते हैं । स्कूल-कॉलेजों या पास-पड़ोस में गलत संगति के दोस्तों के साथ ही गुटखा, सिगरेट, शराब, गाँजा, भाँग, अफीम और धूम्रपान सहित चरस, स्मैक, कोकीन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक पदार्थों के सेवन की ओर अपने आप कदम बढ़ जाते हैं । पहले उन्हें मादक पदार्थ फ्री में उपलब्ध कराकर इसका लती बनाया जाता है और फिर लती बनने पर वे इसके लिए चोरी से लेकर अपराध तक करने को तैयार हो जाते हैं । माँ-बाप द्वारा दिया गया ज़ेब खर्च कम पड़ने लगता है । नशे के लिए उपयोग में लाई जानी वाली सूइयाँ एच.आई.वी. का कारण भी बनती हैं, जो अंततः एड्स का रूप धारण कर लेती हैं । कई बार तो बच्चे घर के ही सदस्यों से नशे की आदत सीखते हैं । उन्हें लगता है कि जो बड़े कर रहे हैं, वह ठीक है और फिर वे भी घर में ही चोरी आरंभ कर देते हैं । चिकित्सकीय आधार पर देखें तो अफीम, हेरोइन, चरस, कोकीन तथा स्मैक जैसे मादक पदार्थों से व्यक्ति वास्तव में अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है एवं पागल तथा सुप्तावस्था में हो जाता है । ये ऐसे उत्तेजना लाने वाले पदार्थ हैं, जिनकी लत के प्रभाव में व्यक्ति अपराध तक कर बैठता है । ऐसे युवा उच्छृंखल, हिंसक, अनुशासनहीन, झगड़ालू, स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह और शारीरिक एवं मानसिक रूप से कमज़ोर होते हैं । मामला सिर्फ स्वास्थ्य से नहीं अपितु अपराध से भी जुड़ा हुआ है । कहा भी गया है कि जीवन अनमोल है । नशे के सेवन से यह अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है । भारत के अनेक राज्यों में युवा वर्ग में इन नशीली वस्तुओं का प्रयोग बढ़ता जा रहा है । कॉलेज ही नहीं स्कूलों तक ये बीमारी पहुँच चुकी है । भारत के कई राज्यों में गाँजा व अफीम की खेती होती है और हेरोइन आदि का व्यापार खुले आम चल रहा है । कहाँ जा रही है हमारी युवा पीढ़ी ?

76. आज की युवा पीढ़ी में मादक पदार्थों के प्रयोग की लत पड़ रही है । दिए गए कारणों में से इस लत का कौन सा कारण उचित नहीं लगता ?
    (A) स्कूल कॉलेज के आसपास मादक पदार्थों की उपलब्धता ।
    (B) नशा करने वाले साथियों की संगति ।
    (C) यदा-कदा पान-सुपारी का सेवन ।
    (D) परिवार का धनी होना और बच्चों को अनियंत्रित जेब खर्च मिलना ।

77. आपकी दृष्टि में मादक द्रव्यों का सेवन करने वाले बच्चों के लिए सबसे ज्यादा कौन दोषी है ?
    (A) बच्चों के मित्र (B) राज्य सरकार
    (C) राज्य पुलिस (D) बच्चों के माँ-बाप

78. भारत के अनेक राज्यों में युवा वर्ग में इन नशीली वस्तुओं का प्रयोग बढ़ता जा रहा है । इसके पीछे सबसे प्रबल कारण कौन सा है ?
    (A) माँ-बाप बच्चों पर ध्यान नहीं देते कि उनके बच्चे क्या कर रहे हैं, किन लोगों के साथ रहते हैं और किन लोगों के साथ उनका उठना-बैठना है ।
    (B) स्कूलों और कॉलेजों के आस-पास स्मैक सप्लाई होती है और पुलिस कुछ नहीं करती । इसी कारण ये प्रवृत्ति बढ़ रही है ।
    (C) राज्य सरकारें अपने राज्य में नशीली वस्तुओं के उत्पादन और प्रयोग को रोकने में समर्थ नहीं हैं और इसी कारण से नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है ।
    (D) ऊँची फीस वसूलने वाले शहर के अच्छे - अच्छे स्कूल और कॉलेज बच्चों के आचरण एवं नैतिकता पर बिलकुल ध्यान नहीं देते ।

79. मादक द्रव्यों की लत पड़ने के बाद युवकों में कौन सी प्रवृत्ति प्रमुखता से दिखाई देती है ?
    (i) अनुशासनहीनता और हिंसा में शामिल होना ।
    (ii) स्वास्थ्य के प्रति सजगता ।
    (iii) मानसिक संतुलन खो देना ।
    (iv) चोरी करने की आदत ।
    (A) (i), (iii), (iv)
    (B) इनमें से कोई भी नहीं
    (C) (i), (ii), (iii)
    (D) यह सभी

80. मादक पदार्थों का सेवन करने वाले युवाओं को किस बीमारी का खतरा होता है ?
    1. शारीरिक अक्षमता
    2. पागलपन और सुषुप्ति
    3. एच.आई.वी. और एड्स
    4. मानसिक असंतुलन
    (A) 2-3-4 (B) यह सभी
    (C) 1-2-3 (D) इनमें से कोई नहीं

निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों (प्र. 81 से 85) के उत्तर दीजिए ।

लोग नियमित बचत करते रहने के बावजूद अपने वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए संघर्ष करते रह जाते हैं । अपने जीवन के वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए यह जानना जरूरी है कि हम उन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कितनी बचत कर रहे हैं और उसे कहाँ निवेश कर रहे हैं, जिससे कि हम अपने निर्धारित उद्देश्य के अनुसार पैसा जोड़ सकें । साधारण भाषा में समझा जाए तो बचत और निवेश में अंतर इतना ही है कि जो राशि आप अपनी नियमित आय से बचा कर अलग रख लेते हैं, वह बचत है और यदि आप अपनी उस बचत को कुछ रिटर्न प्राप्त करने के लिए ऐसा कुछ खरीदते हैं जो कि भविष्य में आपकी सम्पत्ति बन सके, वह निवेश है । बचत अल्पकालिक लक्ष्यों के लिए है । बैंक और पोस्ट ऑफिस के बचत खातों या अन्य किसी जगह पर सीमित समय तक रखा गया पैसा बचत होता है, जो सुरक्षित होता है और आवश्यकता पड़ने पर आसानी से निकाला जा सकता है । गृहिणियों द्वारा बचाकर किचन में चावल के मर्तबान में रखा पैसा या साड़ियों की परतों के बीच छिपाकर रखा गया पैसा भी बचत की श्रेणी में ही आएगा । बचत में रखा पैसा जब चाहिए हो तब सहजता से उपलब्ध होता है । अकसर यह बचत अल्पकालीन लक्ष्यों या आपातकालीन जरूरतों के लिए होती है । बचत में रखा गया आपका पैसा निवेश के मुक़ाबले अधिक सुरक्षित रहता है । इसमें बहुत कम या ना के बराबर जोखिम होता है । बचत में आपको रिटर्न बहुत कम मिलता है क्योंकि सभी बचत योजनाओं में ब्याज की दर कम होती है । इसमें आपको बहुत ही कम रिटर्न मिलता है जिससे मुद्रास्फीति भी कवर नहीं हो पाती है । दीर्घकालिक आर्थिक लक्ष्यों के लिए निवेश किया जाता है । मुख्य बचत और निवेश में अंतर यही है कि निवेश में आप उच्च रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं । निवेश में ऊँचे रिटर्न की सम्भावना के साथ रिस्क भी रहता है । निवेश से आप लंबे समय तक मुद्रास्फीति को पछाड़ कर अपने धन में वृद्धि कर सकते हैं । म्युचूअल फंड और एस. आई. पी. आदि निवेश के प्रारंभिक तरीके हैं । ज़मीन, सोना, कमोडिटीज या शेयर आदि में निवेश करने के लिए अधिक धन और अनुशासन की आवश्यकता होती है और रिस्क भी ज्यादा रहता है, परन्तु सही तरीके से किया गया निवेश सम्पदा में कई गुनी वृद्धि कर सकता है । निवेश किया गया पैसा एकदम से उपलब्ध नहीं रहता है और इसे बेचकर दुबारा पैसा बनाने में समय भी लग सकता है । उन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समय सीमा निर्धारित करनी चाहिए । कोई सपना ऐसा नहीं होता जो पूरा ना किया जा सके ।

81. अनुच्छेद के आधार पर बताइए कि दीर्घकालीन लक्ष्यों को पाने के लिए, निवेश के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा तथ्य अशुद्ध है ?
1. दीर्घकालीन लक्ष्यों की प्राप्ति लघु बचत द्वारा ही संभव हो सकती है ।
2. दीर्घकालीन लक्ष्यों की प्राप्ति दीर्घकालीन अच्छे निवेश द्वारा ही संभव हो सकती है ।
3. दीर्घकालीन लक्ष्यों की प्राप्ति संभव नहीं है, क्योंकि दीर्घकालीन निवेश में धन हानि का जोखिम (खतरा) होता है ।
4. बचत निवेश की तुलना में ज्यादा अच्छी है, क्योंकि निवेश में ज़ोखिम शामिल है जो गाँठ के पैसे को भी ले जाएगा ।

(A) 1, 2, 4 (B) सभी अशुद्ध हैं ।
(C) 1, 3, 4 (D) 1, 2, 3

82. निम्नलिखित में से बताइए कि कौन सा विकल्प निवेश का उदाहरण नहीं है ?
(A) ज़मीन या सोना खरीदना
(B) सेविंग बैंक खाते में रखा धन
(C) म्युचूअल फंड और एस.आई.पी.
(D) कमोडिटीज और शेयर की खरीद–बेच

83. अनुच्छेद के आधार पर बताइए कि निम्नलिखित में निवेश की कौन सी सही विशेषताएँ हैं ?
(i) निवेश से दीर्घकालिक आर्थिक लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं ।
(ii) निवेश अल्पावधि में धनार्जन का तरीका होता है ।
(iii) गृहिणियों द्वारा परिवार के खर्चों से बचाई गई राशि अच्छा निवेश है ।
(iv) निवेश में ऊँचे रिटर्न की सम्भावना के साथ रिस्क भी रहता है ।

(A) (ii) और (iii) (B) (ii) और (iv)
(C) (i) और (iv) (D) (i) और (iii)

84. रमेश ने पाँच हज़ार रुपए के शेयर ख़रीदे । इस आधार पर निम्नलिखित में से कौन से विकल्प सही हैं ?
1. रमेश ने जोखिम रहित निवेश किया है ।
2. रमेश की यह बचत जोखिम वाली है ।
3. शेयर खरीदना बचत है ।
4. शेयर खरीदना निवेश है ।

(A) 1, 4 (B) 1, 2, 3
(C) 4 (D) 2, 4

**85.** निम्नलिखित में से बताइए कि कौन सा विकल्प निवेश का उदाहरण है ?

(A) सेविंग बैंक खाते में रखा धन ।


(B) सोने के गहने खरीदना ।

(C) पोस्ट ऑफिस में पाँच वर्ष की अवधि तक के लिए रखा गया धन ।

(D) बच्चों के पिग्गी बॉक्स में रखा पैसा ।

**प्रश्न सं. 86 से 90 :** निम्नलिखित लाइन ग्राफ (रेखा आलेख) का अध्ययन करें जो 2011 से 2016 तक छह वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष की शुरुआत में स्कूल में शामिल होने और स्कूल छोड़ने वाले छात्रों की संख्या देता है ।

**Q.Nos. 86 to 90 :** Study the following line graph which gives the number of students who joined the school and left the school in the beginning of each year during six years, from 2011 to 2016.




**86.** 2012 से 2013 तक स्कूल की संख्या में लगभग कितने प्रतिशत की वृद्धि/कमी हुई ?

The strength of school increased / decreased from 2012 to 2013 by approximately what percent ?

(A) 1.7% (B) 2.3%

(C) 1.1% (D) 2.1%

**87.** 2014 के दौरान स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या थी :

The number of students studying in the school during 2014 was :

(A) 2850 (B) 3150

(C) 2750 (D) 3050

**88.** किस वर्ष में, पिछले वर्ष की तुलना में स्कूल छोड़ने वाले छात्रों की संख्या में प्रतिशत वृद्धि/गिरावट अधिकतम है ?

In which year, the percentage rise/fall in the number of students who left the school compared to the previous year is maximum ?

(A) 2012 (B) 2014

(C) 2011 (D) 2013

**89.** 2013 में स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या, 2016 में स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या का कितने प्रतिशत थी ?

The number of students studying in the school in 2013 was what percent of the number of students studying in the school in 2016 ?

(A) 89.12% (B) 93.75%

(C) 87% (D) 90.50%

**90.** दी गई अवधि के दौरान किसी भी वर्ष में स्कूल में शामिल होने वाले छात्रों की न्यूनतम संख्या का स्कूल छोड़ने वाले छात्रों की अधिकतम संख्या से अनुपात कितना है ?

The ratio of the least number of students who joined the school to the maximum number of students who left school in any of the years during the given period is :

(A) 7 : 9 (B) 5 : 7 (C) 7 : 10 (D) 5 : 8

**प्रश्न सं. 91 से 95 :** दंड आलेख का अध्ययन करें और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें ।

**Q. Nos. 91 to 95 :** Study the bar graph and answer the questions based on it :




**91.** 2003 से 2004 तक मोबाइल के उत्पादन में लगभग प्रतिशत गिरावट कितनी थी ?

What was the approximate percentage decline in the production of mobile from 2003 to 2004 ?

(A) 23% (B) 29% (C) 21% (D) 27%

**92.** 2005 और 2006 का औसत उत्पादन निम्नलिखित में से किस वर्ष के युग्म के औसत उत्पादन के ठीक बराबर था ?

(A) 2004 और 2005 (B) 2002 और 2007

(C) 2006 और 2007 (D) 2004 और 2006

The average production of 2005 and 2006 was exactly equal to the average production of which of the following pairs of years ?

(A) 2004 and 2005 (B) 2002 and 2007

(C) 2006 and 2007 (D) 2004 and 2006

93. दिए गए कितने वर्षों में मोबाइल का उत्पादन दिए गए वर्षों के औसत उत्पादन से अधिक था ?
In how many of the given years was the production of mobiles more than the average production of the given years ?
(A) 2 (B) 4 (C) 1 (D) 3

94. 2001 की तुलना में 2008 में मोबाइल के उत्पादन में अनुमानित प्रतिशत वृद्धि कितनी थी ?
What was the approximate percentage increase in production of mobile in 2008 compared to that in 2001 ?
(A) 183.33% (B) 200%
(C) 166.67% (D) 195%

95. पिछले वर्ष की तुलना में किस वर्ष उत्पादन में प्रतिशत वृद्धि सबसे अधिक थी ?
In which year the percentage increase in production as compared to the previous year was the maximum ?
(A) 2003 (B) 2007 (C) 2002 (D) 2005

**प्रश्न सं. 96 से 100 :** हमें विभिन्न पाँच कंपनियाँ और इन कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या दी गई है। तालिका में हमें लेखा एवं अनुसंधान विभाग में कार्यरत पुरुष एवं महिला कर्मचारियों का प्रतिशत भी दिया गया है।

**Q. Nos. 96 to 100 :** There are five companies and we have been given the number of employees working in different companies. In the table we have also been given the percentage of male and female employees in account and research department.

| कंपनी / Company | कर्मचारी / Employees | लेखा / Account | | अनुसंधान / Research | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरुष / Male | महिलाएँ / Female | पुरुष / Male | महिलाएँ / Female |
| A | 450 | 12 | 14 | 9 | 7 |
| B | 700 | 19 | 10 | 11 | 13 |
| C | 550 | 28 | 14 | 4 | 7 |
| D | 600 | 31 | 9 | 6 | 4 |
| E | 350 | 12 | 18 | 3 | 7 |

96. यदि लेखा विभाग में कंपनी E के 60% कर्मचारियों के पास MBA की डिग्री है और अनुसंधान विभाग में उसी कंपनी के 40% कर्मचारियों के पास MBA की डिग्री है, तो कंपनी E में कितने कर्मचारियों के पास MBA की डिग्री है ?
If 60% of the employees of company E in account department have MBA degree and 40% of the employees of the same company in the research department have MBA degree, then how many employees have MBA degree in company E ?
(A) 106 (B) 66 (C) 92 (D) 77

97. कंपनी A और C दोनों के लेखा विभाग में कार्यरत कुल पुरुष कर्मचारियों का कंपनी B और D दोनों के अनुसंधान विभाग में कार्यरत कुल महिला कर्मचारियों से अनुपात कितना है ?
What is the ratio of the male employees in account department of company A and C together to the female employees of research department in company B and D together ?
(A) 43 : 188 (B) इनमें से कोई नहीं / None of these
(C) 208 : 115 (D) 27 : 187

98. सभी कंपनियों (कंपनी D को छोड़कर) में लेखा विभाग की महिला कर्मचारियों की कुल मिलाकर संख्या और सभी कंपनियों (कंपनी A और E को छोड़कर) में अनुसंधान विभाग के पुरुष कर्मचारियों की कुल मिलाकर संख्या के बीच का अंतर कितना है ?
What is the difference between the number of female employees of account department in all companies together (excluding company D) and the male employees of research department in all companies together (excluding company A and E) ?
(A) 138 (B) इनमें से कोई नहीं / None of these
(C) 128 (D) 142

99. लेखा विभाग में कंपनी B की महिला कर्मचारियों की संख्या का अनुसंधान विभाग में कंपनी C के पुरुष कर्मचारियों की संख्या से अनुपात कितना है ?
What is the ratio of the number of female employees of company B in account department to the number of male employees of company C in research department ?
(A) 35 : 11 (B) 4 : 13
(C) 5 : 2 (D) 13 : 4

100. कंपनी A के लेखा कर्मचारियों की कुल संख्या कंपनी E के अनुसंधान कर्मचारियों की कुल संख्या से लगभग कितने प्रतिशत अधिक है ?
The total number of account employees of company A is approximately what percent more than the total number of research employees of company E ?
(A) 238.54% (B) 228.67%
(C) 231.21% (D) 234.29%